# ग्रामीण विकास मंत्री ने नवाजे चायल कोटी महाविद्यालय के मेधावी

## विद्यार्थियों से अपना ध्यान पढ़ाई, मेहनत और अपने घर व मां-बाप का नाम रोशन करने का आग्रह

**सवेरा ब्यूरो**

शिमला, 17 मार्च : राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने घोषणा की थी कि अगले वर्ष से इस कॉलेज में इंटीग्रेटिड बीएड की कक्षाएं शुरू करवाई जाएगी, ताकि बच्चों को शिमला न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के खुलने से यहां पर आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को घरद्वार पर शिक्षा मुहैया हो रही है। उन्होंने प्रधानचार्य से कॉलेज में खाली पड़े कमरों में अगले सत्र से कक्षाएं चलाने को कहा, ताकि यहां के छात्रों को भवन की उचित सुविधा उपलब्ध हो सके।



मेधावी को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

उन्होंने जल शक्ति विभाग को महाविद्यालय के लिए पेयजल सुधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 पाइपें लगाने के निर्देश दिए, ताकि छात्रों को पेयजल की उचित सुविधा मिल सके। उन्होंने महाविद्यालय के लिए वाटर प्यूरीफाई आरओ लगाने का आश्वासन दिया, ताकि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने कॉलेज के लिए प्रोजेक्टर और म्यूजिक सिस्टम लेने के लिए भी स्वीकृति प्रदान की। ग्रामीण विकास मंत्री ने बच्चों से आग्रह किया कि वह अपना ध्यान पढ़ाई पर रखे, मेहनत करें और अपने घर व मां-बाप का नाम रोशन करें।

ग्रामीण विकास मंत्री ने महाविद्यालय से शिक्षा, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल स्थान ग्रहण करने वाले मेधावी को सम्मानित किया।

इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य दीपशिखा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर व्यापार मंडल कोटी के सदस्य, एनएसयूआई के प्रधान ऋषभ, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष नरेंन्द्र, ब्लॉक समिति मशोबरा की अध्यक्ष चंद्रकांता, ब्लॉक से महिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू, नगर निगम पार्षद नरेन्द्र ठाकुर, कोटी पंचायत के प्रधान रमेश, प्रधान दरभोग तनु वर्मा, बीडीसी सदस्य नीलम व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा का माफिया राज के खिलाफ विधानसभा के बाहर प्रदर्शन 27 मार्च को

# चायल कोटी कालेज में शुरू होगी बीएड

## पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध ने वार्षिक समारोह में मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

संवाद सूत्र, जागरण • जुन्गा : राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में नए शैक्षणिक सत्र से एकीकृत बीएड की कक्षाएं आरंभ की जाएंगी। इससे बच्चों को घरद्वार पर बीएड करने की सुविधा मिलेगी। यह बात ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने वार्षिक समारोह में कही और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में यह डिग्री कालेज अस्तित्व में आया था और आज यह ग्रामीण परिवेश के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में वरदान सिद्ध हो रहा है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वह लक्ष्य तय करके मेहनत करें, तभी जीवन में कामयाबी मिल सकती है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। मंत्री ने कालेज के लिए वाटर प्यूरिफायर, म्यूजिक सिस्टम और प्रोजेक्टर स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने खेल मैदान को समतल करने, बास्केटबाल कोर्ट और फेंसिंग करने के लिए लोक निर्माण विभाग को प्राकलन तैयार करने के आदेश दिए।



राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में सोमवार को आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थी मुख्य अतिथि पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के साथ • जागरण

प्राचार्य डा. दीपशिखा भारद्वाज ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कसुम्पटी कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण शांडिल, पार्षद नरेंद्र ठाकुर, बीडीसी अध्यक्ष चंद्रकांता, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग देवेश ठाकुर, पंचायत प्रधान रमेश शर्मा, पूर्व प्रधान बलदेव पुरी, अतर सिंह ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

सुनाक्षी, अक्षत शर्मा, अनामिका और इशिता को बेस्ट वालंटियर के खिताब से नवाजा गया। बीए प्रथम वर्ष में पूरण चंद, सेवक राम, बीए द्वितीय वर्ष में रिषिका व प्रियंका, बीए तृतीय वर्ष में आरजू व राखी, बीकाम में चंद्रशेखर, कमल किशोर, राजेश, कृष्ण, रामभज रमेश को पुरस्कृत किया गया। 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में बीए प्रथम वर्ष के संतराम व आंचल, बीए द्वितीय वर्ष के अंजना व हर्षिता, बीए तृतीय वर्ष के भूपराम व प्रियंका, बीकाम प्रथम वर्ष के नरेश, द्वितीय वर्ष के चंद्र शेखर और तृतीय वर्ष की नेहल और आंचल को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने पर प्रियंका, नेहा, मीरा, रितिका श्रुति, शिवानी, हिमांशु व परीक्षा व यूथ फेस्टिवल में भाग लेने वाले अतुल, सौरव, सिमरन, भावना, साक्षी, रितिका, महक और रोहित तथा स्पोर्ट्स में परीक्षा, सोनिया, प्रतिमा, अंकुश, अक्षित, गौरव, देवेंद्र, ध्रुव, निखिल, तनुज, रोहित, अमन, रोशन और मयंक और एनएसएस में बेहतरीन कार्य करने के लिए लोकेश, रंजना, शीतल, आशीश, हर्षिता और सचिन को पुरस्कृत किया गया। कालेज मैगजीन में संपादन का कार्य करने वाले आयुषी, अक्षय, सचिन व नम्रता तथा सीएससीए के पदाधिकारी तम्मना, अक्षय, साक्षी, सिमरन, प्रियंका नेहल, अंजना और आंचल को भी सम्मानित किया गया।

# कोटी कालेज में नए सत्र से शुरू होगी बीएड कक्षाएं

## वार्षिक समारोह में पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने की घोषणा, होनहार भी नवाजे



**स्टाफ रिपोर्टर—शिमला**

राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर शैक्षणिक, खेल, एनएसएस और सांस्कृतिक गतिविधियों में पिछले दो वर्षों में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाले करीब एक सौ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वार्षिक समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र से इस डिग्री कालेज में एकीकृत बीएड की कक्षाएं आरंभ की जाएगी, जिससे क्षेत्र के बच्चों को घरद्वार पर बीएड करने की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में यह डिग्री कालेज अस्तित्व में आया था और आज यह कालेज ग्रामीण परिवेश के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में वरदान सिद्ध हो [illegible]। उन्होंने बच्चों का आ[illegible] किया कि वह अपना लक्ष्य तय करके मेहनत करे तभी जीवन में कामयाबी मिल सकती हैं। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने बारे की भी सलाह दी।

मंत्री ने कालेज के लिए वाटर प्यूरिफायर, म्यूजिक सिस्टम और प्रोजक्टर स्वीकृत करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने खेल मैदान को समतल करने, बास्केटबाल कोर्ट और फैंसिंग करने के लिए पीडब्ल्यूडी को प्राकलन तैयार करने के आदेश दिए। इससे पहले प्राचार्य डा. दीपशिखा भारद्वाज ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कालेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कुसुम्पटी कांग्रेस मंडल के अध्यक्ष रामकृष्ण शांडिल, पार्षद नरेंद्र ठाकुर, बीडीसी अध्यक्षा चंद्रकांता, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी देवेश ठाकुर, स्थानीय प्रधान रमेश शर्मा, पूर्व प्रधान बलदेव पुरी, अतर सिंह ठाकुर सहित कालेज के शिक्षक और गैर शिक्षक स्टाफ मौजूद रहे।

### इनको किया सम्मानित

कालेज में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी कार्य करने पर सोनाक्षी, अक्षत शर्मा, अनामिका और इशिता को बेस्ट वालंटियर के खिताब से नवाजा गया। वर्ष 2022-23 के शैक्षणिक सत्र मे उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में पूर्ण चंद और सेवकराम, बीए द्वितीय वर्ष में रिपिका व प्रियंका, बीए तृतीय वर्ष में आरजू व राखी, बीकॉम मे चंद्रशेखर, कमल किशोर, राजेश, कृष्ण, रामभज रमेश को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में बीए प्रथम वर्ष के संतराम व आंचल, बीए द्वितीय वर्ष के अंजना व हर्षिता, बीए तृतीय वर्ष के भूपराम व प्रियंका, बीकॉम प्रथम वर्ष के नरेश, द्वितीय वर्ष के चंद्र शेखर और तृतीय वर्ष की नेहल और आंचल को पुरस्कृत किया गया, जबकि सांस्कृतिक गतिविधियों मे बढ़चढ़ कर भाग लेने पर प्रियंका, नेहा, मीरा, रितिका श्रुति, शिवानी, हिमाशु और परीक्षा तथा यूथ फेस्टिवल में भाग लेने वाले अतुल, सौरव, सिमरन, भावना, साक्षी, रितिका, महक और रोहित तथा स्पोर्ट्स में परीक्षा, सोनिया, प्रतिमा, अंकुश, अक्षित, गौरव, देवेंद्र, ध्रुव , निखिल, तनुज, रोहित, अमन, रोशन और मयंक और एनएसएस मे बेहतरीन कार्य करने के लिए लोकेश, रंजना, शीतल, अशीष, हर्षिता और सचिन को पुरस्कृत किया गया। कालेज मैग्जीन में संपादन को कार्य करने वाले आयुषी, अक्षय, सचिन व नम्रता तथा सीएससीए के पदा[illegible] अक्षय, साक्षी, सिमरन, [illegible] और आंचल को [illegible]

# कोटी कॉलेज में नए सत्र से शुरू होंगी बीएड कक्षाएं : अनिरुद्ध

## कॉलेज के समारोह में पंचायतीराज मंत्री का एलान



**प्रतिभा का सम्मान**

चायल कोटी कॉलेज के समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

जुन्गा (शिमला)। राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी के वार्षिक समारोह में शैक्षणिक, खेल, एनएसएस और सांस्कृतिक गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले दो सौ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र से इस डिग्री कॉलेज में एकीकृत बीएड की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इससे बच्चों को घरद्वार पर बीएड करने की सुविधा मिलेगी। मंत्री ने कॉलेज को वाटर प्यूरिफायर, म्यूजिक सिस्टम और प्रोजेक्टर देने की घोषणा भी की। इससे पहले कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कॉलेज के समारोह में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी का पुरस्कार सुनाक्षी, अक्षत शर्मा, अनामिका और ईशिता को मिला। इसके अलावा शैक्षणिक वर्ग में पूरण चंद, सेवक राम, रिपिका, प्रियंका, आरजू, राखी, चंद्रशेखर, कमल किशोर, राजेश, कृष्ण, रामभज, रमेश, संतराम, आंचल, अंजना, हर्षिता, भूपराम, प्रियंका, नरेश, चंद्रशेखर, नेहल और आंचल को सम्मानित किया। सांस्कृतिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने पर प्रियंका, नेहा, मीरा, रितिका श्रुति, शिवानी, हिमांशु, यूथ फेस्टिवल में भाग लेने पर अतुल, सौरव, सिमरन, भावना, साक्षी, रितिका, महक और रोहित को पुरस्कृत किया।

### खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने पर भी सम्मानित

खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने पर परीक्षा, सोनिया, प्रतिमा, अंकुश, अक्षित, गौरव, देवेंद्र, ध्रुव, निखिल, तनुज, रोहित, अमन, रोशन और मयंक को सम्मानित किया। एनएसएस में बेहतरीन कार्य करने पर लोकेश, रंजना, शीतल,

आशीष, हर्षिता और सचिन, कॉलेज मैगजीन में संपादन के कार्य करने पर आयुषी, अक्षय, सचिन, नम्रता, सीएससीए के पदाधिकारी तम्मना, अक्षय, साक्षी, सिमरन, प्रियंका नेहल, अंजना और आंचल को भी समारोह में सम्मानित किया गया।


GOVT. DEGREE COLLEGE
CHAIL-KOTI
ANNUAL PRIZE


Shot on OnePlus